उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग

उत्तर प्रदेश शासन,

पत्रांक सी.पी. 02 /84-2-2022 दिनांकः 06 जनवरी, 2022

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोग में माह जून, 2022 तक रिक्त/रिक्त होने वाले महिला सदस्य के 19 पदों पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन पत्रांक सी.पी.532/84-2-2021 दिनांकः 24 दिसम्बर,2021 में आवेदन करने की **निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 10 जनवरी, 2022 से बढ़ाकर 31 जनवरी, 2022 निर्धारित की जाती है** । उक्त पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन पत्रांक सी.पी.532/84-2-2021 दिनांकः 24 दिसम्बर, 2021 एवं आवेदन प्रारूप, राज्य उपभोक्ता आयोग की विभागीय वेबसाइट http://scdrc.up.nic.in/ पर अपलोड है । इच्छुक अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट से सेवा शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर, वांछित औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए राज्य आयोग कार्यालय में डाक के माध्यम से अथवा सीधे निर्धारित तिथि दिनांक 31 जनवरी, 2022 तक आवेदन निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ.प्र., सी-1, विक्रान्त खण्ड-1 (शहीद पथ के बगल में) गोमती नगर, लखनऊ उ.प्र. पिन कोड- 226010 के पते पर कर सकते हैं। आवेदन पत्र अपूर्ण होने अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने पर आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जाएंगे ।

(अशोक कुमार मिश्र)

उप सचिव,

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग

उत्तर प्रदेश शासन ।